Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding the rape and murder of minor schedule tribe girls in Tripura

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस मुद्दे को सदन में उठाना चाहता हूं। पिछले दस दिन से मैं लगातार कोशिश कर रहा था। त्रिपुरा राज्य में अनुसूचित जनजाति की जो बच्चियां हैं, जो छात्राएं हैं, मैं उनके बलात्कार और उनकी हत्या का मामला उठाना चाहता हूं। जिन परिवारों में मैंने खुद जाकर देखा है, मैं सिर्फ उनकी बात करूंगा। मैं आपके माध्यम से सदन से प्रार्थना करूंगा कि हमेशा हम दलित और अनुसूचित जाति और जनजाति की बातें करते हैं, लेकिन त्रिपुरा में मैं जिन परिवारों में गया, मैं पहला नाम ले रहा हूं। ... *जो पुरुबा टकमा थारा- दक्षिण त्रिपुरा की थी। दूसरा नाम ... * का है जो विरमंतपारा, दक्षिण त्रिपुरा की थी और तीसरी ... * हैं। ...(व्यवधान)

मैं किसी पर एलीगेशन नहीं लगा रहा हूं। ...(व्यवधान) ... * अपनी बहन के साथ रहती थी। रात में उसकी सहेली ने फोन किया। वह अपने कमरे से गई। दूसरे दिन उस परिवार को पता चला कि वह एक्सीडेंट में खत्म हो गई है। किसके साथ गई है तो पता चला कि किसी नौजवान के साथ गई थी। ऐसा अस्पताल के लोगों ने बताया। दुर्घटना हो गई। उसकी सहेली ने उसे बुलाया, लेकिन लड़के के साथ वह मिली। वह लड़का कौन था, इस बात को बाद में मैं कहूंगा, लेकिन उसका पोस्टमार्टम नहीं हुआ। उसके बाद दुर्घटनाग्रस्त उस लड़की का शव जला दिया गया। मुझे लगता है कि यह पहला उदाहरण मैं आपके सामने कह रहा हूं।

दूसरा उदाहरण ... * का रख रहा हूं। वह एक हॉस्टल में रहती थी। हॉस्टल चलाने वाले कौन हैं। मैं उसका नाम नहीं ले रहा हूं। लोगों को आपत्ति होगी। वह हॉस्टल में रहती है। उसका मामा उसे लेने के लिए जाता है। उसको मना कर दिया जाता है और रात में वह लड़की फाँसी लगा लेती है। उसके साथ भी यही होता है कि पोस्टमार्टम नहीं हुआ। उसके बाद जबर्दस्ती उस परिवार को मजबूर किया जाता है कि आप शव को जला दो। यह दुर्घटना की बात है। ...(व्यवधान)

तीसरा उदाहरण ... * का है। उसके पिताजी झूम खेती करते हैं। वह एक टोले में रहती है। यह पुलसिंग बारा जिला की घटना है। मैं उस परिवार में गया था। चूंकि पूरे गांव ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली और जैसे ही वह खेत से वापस आती है, उसके साथ बलात्कार हुआ, उसकी हत्या हो गई। एक नौजवान जो ... *का मैम्बर है, वह एडमिट करता है कि मैंने इसको मारा, बलात्कार किया। पुलिस एफ.आई.आर. करती है, मुकदमा बनाती है, लेकिन किसी को गवाह नहीं बनाती है। मैंने ऐसे तीन उदाहरण दिये हैं। ये तीनों दुर्घटनाएं हैं, लेकिन एक भी मामले में किसी को भी सजा नहीं मिली क्योंकि वे ... * के लोग हैं। ...(व्यवधान) मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि यह मामला

राजनीतिक नहीं है। वहां के ... *ने इस बात को कहा। ...(व्यवधान) प्रैस में जब हम लोगों ने कहा। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : पत्रकार और हिंसा नहीं जाएगा। एलीगेशंस में नाम नहीं जाएंगे।

श्री प्रहलाद सिंह पटेल : माननीय अध्यक्ष जी, चलिए, उसको आप हटा दीजिए। लेकिन मेरा आपसे निवेदन है कि मीनाक्षी जी वहां पर गई थीं। जब प्रैस से हमने कहा तो प्रैस ने कहा कि आप क्या करने वाले हैं? ... * ...(व्यवधान) एक बी.एस.एफ के जवान को मार दिया गया। उसके बाद इन स्थानों पर जाने के बाद, अगर हम कहेंगे तो इसको ये कहेंगे कि राजनीति करते हैं। मैं सदन से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस के लोग भी वहां त्रिपुरा में हैं। ...(व्यवधान) कांग्रेस के एम.एल.एज. की भी वहां हत्या हुई है। एक बार जरा यह तो देखना चाहिए कि लोकतंत्र रहेगा कि नहीं रहेगा। एक तरफ हम कहते हैं कि नौजवान बेटियों के साथ ऐसा होगा। ...(व्यवधान) दुर्घटना के बाद भी अगर उसका पोस्टमार्टम न हो, अगर उसके बाद उसको जलाने के लिए मजबूर कर दिया जाए तो मुझे नहीं लगता कि वहां शासन नाम की कोई चीज है। मुझे नहीं लगता है कि वहां शासन नाम की कोई चीज है।

SHRI M.B. RAJESH (PALAKKAD): He is making allegations against the Tripura Government. … (*Interruptions*) This is nothing but political propaganda. … (*Interruptions*)

श्री प्रहलाद सिंह पटेल: अध्यक्ष महोदया मैं आपसे संरक्षण चाहता हूं, आपसे प्रार्थना करता हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : डॉ. मनोज राजोरिया, कुँवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, गणेश सिंह, और श्री रामसिंह राठवा को श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा उठाए गए विऐय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI M.B. RAJESH : What is happening here? … (*Interruptions*) He is stating ... *(Interruptions)*… *